## संपादकीय

# हितों का मेल है

बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मुलाकात ने इस बात की पुष्टि की कि भारत और अमेरिका में आपसी हितों का मेल पुख्ता शक्ल ले चुका है। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए बाइडेन और मोदी ने जून में वॉशिंगटन में दोनों के बीच हुए समझौतों के अमल पर प्रगति की समीक्षा की। सिर्फ ढाई महीनों के अंदर उन समझौतों पर अमल किस तेजी से आगे बढ़ा है, वह सचमुच ध्यान खींचने वाला है। ड्रोन सौदे से लेकर अमेरिकी नौसेना के जहाजों को भारतीय बंदरगाहों पर 'मरम्मत' की सेवा देने के लिए हुए समझौते अमली जामा पहन चुके हैं। इस रूप में कहा जा सकता है कि भारत अब अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुका है। यह खबर भी गौरतलब है कि अमेरिका के भारत से यह पूछने के बाद कि ताइवान पर चीनी हमला होने पर वह उस युद्ध में कैसी भूमिका निभाएगा, भारतीय सेना ने अपनी संभावित भूमिका की पड़ताल के लिए एक समिति का गठन किया है।

जब भारत ने भू-राजनीतिक मामलों ने यह भूमिका अपनाई है, तो इस बात को समझा जा सकता है कि बाइडेन प्रशासन क्यों भारत- खासकर प्रधानमंत्री मोदी को खुश रखने के लिए उतावला है। उतावलापन इस हद तक है कि अपने राष्ट्रपति की विदेशी नेताओं से होने वाली वार्ता के बाद प्रश्न पूछने की अमेरिकी पत्रकारों की परंपरा को ताक पर रखने के लिए उसने तमाम तर्क ढूंढे। उधर अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि वे यहां किसी देश में नागरिक स्वतंत्रता की स्थिति का स्कोर कार्ड दिखाने नहीं आए हैं। निहितार्थ यह कि अपने भू-राजनीतिक हितों को आगे बढ़ाने की जुगत में अमेरिका ने खुद ही यह जग-जाहिर कर दिया है कि लोकतंत्र एवं मानव अधिकार जैसे मुद्दे उसके लिए रणनीतिक हथियार हैं, यह कोई निष्ठा की बात नहीं है। उधर अमेरिका की मौजूदा जरूरत को मोदी ने बेहतर ढंग से भांप रखा है और घरेलू राजनीति में अपना हित साधने के लिए उसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं।

## सऊदी अरब परियोजना में हरित ऊर्जा के लिए एस्सार समूह ने डेजर्ट टेक्नोलॉजीज के साथ किया एमओयू

**नई दिल्ली ।** एक स्वतंत्र सोलर पीवी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर होल्डिंग कंपनी, डेजर्ट टेक्नोलॉजीज (डीटी) ने बहुराष्ट्रीय समूह एस्सार ग्रुप के साथ हरित ऊर्जा पर दीर्घकालिक साझेदारी की है।



दोनों पक्षों ने सऊदी अरब में एस्सार समूह की ग्रीन स्टील अरबिया (जीएसए) परियोजना के साथ-साथ भविष्य की संभावित परियोजनाओं के लिए नवीकरणीय ऊर्जा समाधान विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो ग्रीन स्टील उत्पादन और हरित ऊर्जा उत्पादन में सऊदी अरब को मानचित्र अग्रणी देश के रूप में स्थापित करेगा।

दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में डेजर्ट टेक्नोलॉजीज और एस्सार ग्रुप के बीच एमओयू निष्पादित किया गया।

इस साझेदारी के माध्यम से, डीटी और एस्सार सऊदी अरब में में एस्सार के फ्लैट स्टील कॉम्प्लेक्स के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और भंडारण के लिए समाधान विकसित करेगा, जो जीसीसी क्षेत्र में पहली हरित इस्पात परियोजना है और अन्य संभावित परियोजनाओं के लिए अवसर भी तलाशेंगे।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, डीटी इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खालिद शरबतली ने कहा, एस्सार के साथ डेजर्ट टेक्नोलॉजीज का एमओयू, विशेष रूप से सऊदी अरब में नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में इसके समाधान, मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता और कम कार्बन फुटप्रिंट वाले समाधान कम सीओ2 उत्सर्जन वाले इस्पात उद्योग को और बढ़ावा देंगे। सऊदी अरब में पहली ग्रीन स्टील परियोजना स्थापित करने की उनकी अग्रणी परियोजना में एस्सार समूह के साथ सहयोग करने पर हमें गर्व है।

सऊदी अरब में एस्सार समूह के कंट्री हेड नौशाद अंसारी ने टिप्पणी की, एस्सार वर्तमान में सऊदी अरब के रस अल खैर में एक एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने पर लगभग 4.5 अरब डॉलर का निवेश करने पर विचार कर रहा है। डेजर्ट टेक्नोलॉजीज के साथ यह साझेदारी हमें हरित ऊर्जा और कार्बन मुक्त ऊर्जा भंडारण समाधान तक पहुंच बनाने में मदद करेगी; जिससे निम्न कार्बन फुटप्रिंट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत होगी। हम केएसए की स्थानीय सामग्री को बढ़ाना जारी रखने और स्थानीय व्यवसायों को हमारे साथ बढऩे में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह समझौता ज्ञापन केएसए में दीर्घकालिक निवेश और हरित एवं टिकाऊ रणनीति के विकास के प्रति एस्सार की प्रतिबद्धता की भी पुष्टि करता है।

एस्सार परियोजना इस क्षेत्र की पहली हरित इस्पात परियोजना होगी जिसका लक्ष्य सीओ2 की कटौती में वैश्विक बेंचमार्क स्थापित करना है।

इस परियोजना में 5.0 एमटीपीए की डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) क्षमता होगी, जिसमें 2.50 एमटीपीए के दो मॉड्यूल और 4.0 एमटीपीए हॉट स्ट्रिप क्षमता के साथ गैल्वनाइजिंग और टिन प्लेट लाइनों के साथ 10 लाख टन कोल्ड रोलिंग क्षमता शामिल है।

## अगस्त में 23 प्रतिशत बढ़ी विमान से उड़ान भरने वाले लोगों की संख्या



### ❐ प्री-कोविड के आंकड़े को भी पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली ।** भारत में विमान से यात्रा करने वाले लोगों की संख्या में तेजी से इजाफा रहा है और यह अब प्री-कोविड स्तर के भी ऊपर निकल गया है। अगस्त में घरेलू उड़ान भरने वाले लोगों की संख्या 23 प्रतिशत बढक़र 1.24 करोड़ हो गई है। कोरोना से पहले अगस्त 2019 यह आंकड़ा 1.18 करोड़ था। एक रेटिंग एजेंसी की रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की ओर से बताया गया कि जुलाई के महीने विमान से उड़ान भरने वाले यात्रियों की संख्या में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.21 करोड़ था। साथ ही बताया कि अगस्त 2022 के मुकाबले इस वर्ष कैपेसिटी को 10 प्रतिशत बढ़ाया गया है। प्री-कोविड स्तर यानी अगस्त 2019 के मुकाबले ये एक प्रतिशत कम है।

**5000 करोड़ तक नुकसान होने की उम्मीद-** रिपोर्ट में आगे कहा गया कि एयरलाइन्स 3000 करोड़ रुपये से लेकर 5000 करोड़ रुपये का नुकसान वित्त वर्ष 2023-24 में कर सकती है। वहीं, यात्रियों की संख्या में इस दौरान तेज वृद्धि देखने को मिल सकत है।

## केंद्र सरकार का चीन पर कड़ा प्रहार: चुनिंदा स्टील पर पांच साल के लिए लगाया एंटी-डंपिंग शुल्क

**नई दिल्ली ।** केंद्र ने कुछ चीनी स्टील पर पांच साल के लिए एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया है। सूत्रों ने कहा कि यह निर्णय तब लिया गया जब यह पाया गया कि चीनी निर्यातक अन्य देशों को बेहद कम कीमत पर स्टील उत्पाद निर्यात कर रहे थे।

वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से इस निर्णय की घोषणा की गई। पिछले हफ्ते इस्पात मंत्रालय ने कहा था कि भारत में सस्ते चीनी इस्पात उत्पादों की डंपिंग की शिकायतें मिलने के बाद वह इस्पात आयात पर नजर रख रहा है।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि के दौरान चीन भारत को स्टील का सबसे बड़ा निर्यातक था, उसके बाद दक्षिण कोरिया था। चीन मुख्य रूप से भारत को शीट या कोल्ड-रोल्ड कॉइल्स का निर्यात करता है। यह विश्व का शीर्ष इस्पात उत्पादक भी है।

## आईफोन 15 में यूएसबी-सी चार्जिंग की सुविधा, नई शुरूआत की तैयारी में एप्पल

**नई दिल्ली।** एप्पल आईफोन 15 में यूएसबी-सी चार्जिंग केबल पॉइंट पेश कर एक नए युग की शुरुआत करने की तैयारी कर रहा है। भारत सहित कई देश सभी स्मार्ट डिवाइस के लिए एक कॉमन चार्जिंग पोर्ट के रूप में यूएसबी टाइप-सी को अपनाने पर सहमत हुए हैं। पूरी संभावना है कि आईफोन 15 मालिकाना लाइटनिंग केबल को हटाते हुए यूएसबी-सी चार्जिंग केबल पॉइंट के साथ आएगा। नई जनरेशन के आईफोन्स का अनावरण (अमेरिकी समयानुसार) को किया जाना है।



हालांकि, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यूएसबी-सी पोर्ट सभी आईफोन 15 मॉडल पर उपलब्ध होगा, प्रसिद्ध एप्पल एनालिस्ट मिंग-ची कुओ ने कहा कि केवल प्रो और प्रो मैक्स को फास्ट डेटा ट्रांसफर रेट से लाभ होगा। दोनों प्रीमियम मॉडल में कम से कम यूएसबी 3.2 या थंडरबोल्ट 3 पोर्ट होंगे, जबकि बेस आईफोन 15 और 15 प्लस में यूएसबी 2.0 पोर्ट होंगे।

कुछ एप्पल आईफोन 15 मॉडल में 35 वाट तक चार्जिंग का समर्थन होने की संभावना है, जो फास्ट चार्जिंग स्पीड प्रदान करेगा। एप्पल यूएसबी-सी पर शिफ्ट हो रहा है क्योंकि यूरोपीय कमिशन ने एक प्रस्ताव पारित करके कदम उठाया है कि सभी स्मार्टफोन निर्माताओं को 2024 तक यूरोपीय संघ के देशों में सभी मोबाइल डिवाइस के लिए सिंगल चार्जिंग स्टैंडर्ड के रूप में यूएसबी-सी का समर्थन करना आवश्यक होगा।

कम्युनिटी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोकलसर्कल्स के अनुसार, भारत में 10 में से 9 भारतीय उपभोक्ता चाहते हैं कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर चार्जिंग केबल के मानकीकरण को आगे बढ़ाए क्योंकि इससे असुविधा कम होगी और चार्जिंग केबल अधिक किफायती हो जाएगी।

## द वैक्सीन वॉर का ट्रेलर जारी, कोरोना वायरस की भयावह तस्वीर से रूबरू कराएंगे विवेक अग्निहोत्री

द कश्मीर फाइल्स के बाद विवेक रंजन अग्निहोत्री फिल्म द वैक्सीन वॉर लेकर आ रहे हैं। इसका ट्रेलर 12 सितंबर को रिलीज हो चुका है। मेकर्स ने हालांकि ट्रेलर को सच्ची घटना पर आधारित और मूवी को मास्टरपीस पहले ही बता दिया है। इसमें नाना पाटेकर, अनुपम खेर, रिमी सेन, गिरिजा ओक समेत अन्य कलाकार अहम भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। भारत की पहली बायो-साइंस फिल्म द वैक्सीन वॉर कोरोना महामारी के दौरान की कहानी दिखा रही है कि कैसे भारत ने अपनी खुद की वैक्सीन बनाई थी।




फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत में नाना पाटेकर और पल्लवी जोशी, जो कि इस मूवी की प्रोड्यूसर हैं। वह दोनों फोन पर भारत के साइंटिस्ट के बारे में बात करते हैं। जहां पल्लवी बताती हैं कि देश के वैज्ञानिकों के पास 1 लाख रुपये भी नहीं। इसके बाद नाना पाटेकर अपने बाकी साइंटिस्ट्स के साथ मिलकर ये कहते हैं कि वह वैक्सीन बनाएंगे। वहीं, पत्रकार की भूमिला में रिमी सेन कहती हैं कि इंडिया 130 करोड़ लोगों की जान बचाने में समर्थ नहीं है। वह ऐसा नहीं कर सकती है।

वैक्सीन बनाने के दौरान साइंटिस्ट्स को किन-किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। और देश की मीडिया की तरफ से इस पर क्या-क्या कहा जाता है। वह सब इस मूवी में विवेक अग्निहोत्री ने दिखाया है। हालांकि कुछ चीजें देखकर आपको भी थोड़ा समझ नहीं आएगा कि कौन किसका किरदार निभा रहा है। इस ट्रेलर में वैदिक संस्कृति से भी जोडऩे का प्रयास किया गया है। अंत में सभी महिला साइंटिस्ट्स को लगता है कि वह सभी मरने वाले हैं लेकिन नाना पाटेकर कहते हैं कि ये एक युद्द है और वो सभी सोल्जर्स।

चूहे से लेकर बंदर तक पर इस वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। उधर पत्रकार बनीं रिमी सेन कहती हैं कि एक राजा था, जो भी कर लो मरता ही नहीं था। उसकी जान एक तोते की गर्दन में अटकी थी, उसे मरोड़ दी और वो मर गया। यहां रिमी, नाना पाटेकर और उनकी वैक्सीन के बारे में बात करती हैं। हालांकि असल में ये किरदार कौन है, ये तो मूवी के रिलीज होने के बाद पता चलेगा।

## महंगाई के बेहतर आंकड़ों से रुपए को सहारा, डॉलर के मुकाबले सपाट खुला



**नई दिल्ली ।** डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। रुपये के एक रेंज में कारोबार करने की वजह मैक्रोइकोनॉमिक डेटा का सकारात्मक होना है, जिसने कच्चे तेल की कीमत में बढ़त और डॉलर की मजबूत के रुपये पर प्रभाव को कम कर दिया है। फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई और इंडस्ट्रीयल प्रोडक्शन के आंकड़े बाजार अनुमान से बेहतर आने के चलते रुपये को सहारा मिल रहा है। फिलहाल निवेशक अमेरिका में महंगाई के डेटा और यूएस फेड के महंगाई को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले तरीके पर स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहे हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपये में कारोबार

इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज के मुताबिक, रुपया एक सीमित दायरे में बना हुआ है। डॉलर के मुकाबले रुपया आज 82.92 पर खुला था। इसके बाद 82.95 के स्तर को शुरुआती कारोबार में पहुंच गया। सत्र में रुपया 82.95 पर बंद हुआ था। डॉलर इंडेक्स में हल्की गिरावट हुई है और यह 0.05 प्रतिशत गिरकर 104.65 अंक पर है। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.21 प्रतिशत बढक़र 92.25 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर के एमडी अमित पबारी ने कहा कि 82.80 का स्तर निकलने के बाद रुपया 82.50 के तरफ जाएगा। 83.25 इसमें एक मजबूत बाधा स्तर है।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आस पास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

***वृष-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जाएंगे।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी।

***कर्क-*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा । आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें । किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें।

***सिंह-*** आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज छात्रों को पढ़ाई में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लें। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी।

***तुला-*** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है । आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस के कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा ।

***वृश्चिक-*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास के किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

***धनु-*** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज आपको कर्ज से छुटकारा मिलेगा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढऩे की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से आसानी से निपटा लेंगे।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए दिन अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार करेंगे।

## दिलजीत दोसांझ संग फिर बनी जोड़ी शहनाज गिल की जोड़ी

### ❐ फिल्म राान्ना च धन्ना का ऐलान

शहनाज गिल पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।करण बूलानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 6 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।अब इस बीच शहनाज ने अपनी नई पंजाबी फिल्म रान्ना च धन्ना का ऐलान कर दिया है।इसमें उनकी जोड़ी एक बार फिर दिलजीत दोसांझ के साथ बनी है। इससे पहले दोनों फिल्म होंसला रख में साथ काम कर चुके हैं।



रान्ना च धन्ना अगले साल 2 अक्टूबर को सिनेमागरों में रिलीज होगी।शहनाज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया है। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा, इश्क ने गालिब निकम्मा कर दिया वरना चीज तो हम थे काम की। फिल्म 2 अक्टूबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।रान्ना च धन्ना का निर्देशन अमरजीत सरोन द्वारा किया जा रहा है।फिल्म में सोनम बाजवा भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

शहनाज ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है जिसमें सभी एक्टर्स का एनिमेशन नजर आ रहा है। दिलजीत दोसांझ किसी राजा जैसे नजर आ रहे हैं और उनके बगल में खड़ीं सोनम बाजवा और शहनाज गिल उनकी रानी लग रही हैं। उनके पीछे भी कुछ लोग महिलाएं दिख रही हैं।

## फुकरे 3 का पहला गाना वे फुकरे जारी, 'हनी' औऱ 'चूचा' के साथ पंकज त्रिपाठी ने लगाए ठुमके


एक्सेल एंटरटेनमेंट की 'फुकरे 3' अपने ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही चर्चा में है. हाल में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर इसका ट्रेलर और फिल्म के पहले गाने वे फुकरे की एक झलक भर जारी कर दर्शकों के उत्साह को एक अलग लेवल पर पहुंचा दिया था. वहीं अब फैंस का इंतजार खत्म करते हुए मेकर्स ने फिल्म के पहले गाने वे फुकरे को रिलीज कर दिया है. जो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है. से पर्दा उठा दिया है. 'फुकरे' फ्रेंचाइजी हमेशा चार्टबस्टर गानों से




सजी रहती है. ऐसे में, मच अवेटिड 'फुकरे 3' के पहले गाने 'वे फुकरे' में हनी और चूचा के साथ पंडित जी भी थिरकते हुए नजर आ रहे हैं. बता दें कि वे फुकरे गाने को तनिष्क बागची ने कंपोज किया है. साथ ही गाने को देव नेगी और असीस कौर ने गाया है और बोल शब्बीर अहमद ने दिए हैं.

## रोजाना इस्तेमाल होने वाले एयरपॉड्स को बनाएं साफ और नए जैसा

रोज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में एयरपॉड्स हमारे संगीनी बन चुके हैं. चाहे वह फोन कॉल हो, मनपसंद संगीत की धुनें सुनना हो, या ऑनलाइन बैठकों में हिस्सा लेना हो, ये छोटे से डिवाइस हर जगह हमारे साथ होते हैं. इसलिए इन्हें साफ रखना भी उतना ही जरूरी है जितना इन्हें सुरक्षित रखना. इनका रेगूलर यूज करने से ये जल्दी गंदे हो जाते हैं. ऐसे में अपने एयरपॉड्स को साफ रखना बहुत जरूरी है. बाज़ार में तरह-तरह के एयरपॉड्स क्लीनिंग सोल्यूशंस उपलब्ध हैं, लेकिन घर पर भी हम आसानी से सफाई कर सकते हैं. अगर आप चाहते हैं कि आपके एयरपॉड्स हमेशा नए जैसे बने रहें और वह अच्छे से काम करे, तो आइए जानते हैं कि कैसे हम इसे घर पर साफ कर सकते हैं.



**सॉफ्ट ब्रश से-** पहली बात, एयरपॉड्स को चार्जिंग केस से बाहर निकालें. ध्यान दें कि आपके पास कोई लिक्विड न हो, जैसे पानी या अन्य लिक्विड. उसके बाद एयरपॉड्स को सॉफ्ट ब्रश से सावधानीपूर्वक साफ कर सकते हैं. मुलायम बालों वाला ब्रश से एयरपॉड्स के छिद्रों अच्छे से साफ हो जाते हैं. ध्यान दें कि आप जोर से न दबाएं और एयरपॉड्स को किसी भी प्रकार के लिक्विड से दूर रखें. अगर आपको लगता है कि उनमें पानी चला गया है, तो उन्हें सूखने दें.

**सॉफ्ट कपड़ा-** एक मुलायम, अधिक गीला नहीं होना चाहिए. उस कपड़े से एयरपॉड्स को धीरे धीरे साफ करें. केस की सफाई के लिए, मुलायम और सूखा कपड़ा लें और धीरे से सफाई करें. केस के अंदर जमी धूल को साफ करने के लिए ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं.


**कॉटन स्वैब-** कॉटन स्वैब पर थोड़ा सा आइसोप्रोपाइल अल्कोहल (रबिंग अल्कोहल) लगाकर एयरपॉड्स को साफ करें. इससे अच्छे से एयरपॉड्स चमक जाएंगे.

**पेंट ब्रश-** एयरपॉड्स के छेदों या दरारों से गंदगी निकालने के लिए एक पेंट ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं. वहीं ब्लू टेक टेप से एयरपॉड्स के मैग्नेट्स को साफ करें. वहीं चार्जिंग केस को साबुन और पानी से साफ कर सकते हैं.

## शब्द सामर्थ्य- 184

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 184

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.183 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |